प्रेषक,

संख्या– 751 /आठ–1–22–751/2022

अरूणेश कुमार द्विवेदी
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. आयुक्त,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. उपाध्यक्ष,
गाजियाबाद/लखनऊ,
विकास प्राधिकरण।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 लखनऊः दिनांक 27 जून, 2022

विषयः– उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद का निर्धारित अंशदान एवं मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 28.06.2022 को आहूत बैठक में प्रतिभाग किए जाने के सम्बंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव, अवस्थापना विकास अनुभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–241/83–अव0–2022–16(अव0)/2022 दिनांक 27.06.2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि वित्तीय वर्ष 2021–22 में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद का निर्धारित अंशदान रू0 05.00 करोड़, लखनऊ विकास प्राधिकरण का निर्धारित अंशदान रू0 10.00 करोड़ तथा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का निर्धारित अंशदान रू0 05.00 करोड के सापेक्ष अंशदान जमा नहीं किया गया है। इस सम्बंध में उ0प्र0 अवस्थापना विकास कोष प्रबन्धन समिति की बैठक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के लोक भवन बी–ब्लाक प्रथम तल स्थित उनके सभाकक्ष में दिनांक 28.06.2022 को अपरान्ह 01.00 से 01.30 बजे तक आहूत की गयी है।

2– अतः इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त अंशदान की अद्यतन प्रास्थिति की सूचना प्रत्येक दशा में **आज ही** शासन को उपलब्ध कराते हुए उक्त आहूत बैठक में सुसंगत सूचनाओं सहित नियत तिथि एवं समय पर प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय
27.6.2022
(अरूणेश कुमार द्विवेदी)
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि उपाध्यक्ष, आगरा विकास प्राधिकरण को इस आशय से प्रेषित कि कृपया आगरा इनर रिंग रोड प्रथम चरण एवं द्वितीय चरण को जोडने के लिए फ्लाई ओवर के निर्माण कार्य हेतु रू0 28.5 करोड की धनराशि औद्योगिक विकास विभाग के अधीन अवस्थापना विकास कोष से प्राप्त होने की अद्यतन स्थिति की सूचना **आज ही** शासन को उपलब्ध कराते हुए उक्त आहूत बैठक में सुसंगत सूचनाओं सहित नियत तिथि एवं समय पर प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(अरूणेश कुमार द्विवेदी)
उप सचिव।